# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़
## वार्षिक विवरण सत्र (2021-22)

जहाँ एक ओर भारतवर्ष अपना आज़ादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है वहीं इसके साथ–साथ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ अपने 50 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती मना रहा है। 1919 में जिस संस्था की औपचारिक नींव रखी गई थी, आज उसने इतना विशाल रूप ले लिया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के वर्तमान प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में कॉलेज विद पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस का दर्जा प्रदान किया है साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली की स्वायत संस्था 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्' ने महाविद्यालय की गुणवत्ता और गुणात्मकता को देखकर 3.57 सीजीपीए प्रदान करते हुए A++ ग्रेड प्रदान किया है। यह सब महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री देवेन्दर कुमार गुप्ता और प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के अथक प्रयासों का परिणाम है। अग्रवाल महाविद्यालय का 50 वर्ष पुराना और अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा का 102 वर्ष पुराना अतीत इतना स्वर्णिम है तो भविष्य भी सभी के सतत् प्रयासों और सहयोग से ज्योतिर्मय होगा।

अग्रवाल सभा ने दो वर्ष पूर्व अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के उदारमना सदस्य निर्धन, फीस देने में असमर्थ विद्यार्थियों की सहायतार्थ प्रत्येक सत्र में धनराशि का योगदान देते हैं जो कि अपने आप में श्रेष्ठ मिसाल है। विगत कुछ वर्षों से प्रबंध समिति ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 'समर्थ' योजना की शुरूआत भी की है जिसमें उनके लिए फीस माफी, छात्रवृत्ति एवं पुस्तकों की व्यवस्था की जाती है।

विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, समय सारणी, परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति आदि अन्य आवश्यक सूचनाएं प्रदान करने के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट पोर्टल और अपना यू–ट्यूब चैनल है।

वर्तमान में अग्रवाल महाविद्यालय में 4263 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 2301 छात्र एवं 1962 छात्राएँ हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए 22 कोर्स चलाए जा रहे हैं, जिनमें 08 स्नातकोत्तर, 07 स्नातक, 05 ऑनर्स, 05 ADD-ON-Course कोर्स और 02 बी.वॉक कोर्स हैं। इनके अतिरिक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त ज्ञान देने के लिए 35 सर्टिफिकेट कोर्स भी चलाए जा रहे हैं। महाविद्यालय के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन पुस्तकालय हैं जिनमें 12116 पुस्तकें, 98 जरनल तथा 33 दैनिक समाचार पत्र उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय ई–बुक्स ऑफ पर्सन पब्लिकेशन, ई–जर्नलस तथा एनालिस्ट (INFLIBNET) DELNET का भी सदस्य है। 698 कम्प्यूटरों से युक्त 12 कंप्यूटर लैब, रिटेल लैब, लैंग्वेज़ लैब और इसी वर्ष एनालैटिक लैब का भी शुभारंभ हुआ है। मीडिया सेंटर, रसायन व भौतिक शास्त्र की प्रयोगशालाएं हैं तथा इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में AUDIO-VISUAL ROOMS, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित दो सभागार भी उपलब्ध हैं। जिनके द्वारा विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें सक्षम बनाया जाता है। महाविद्यालय के तीनों संभाग वाईफाई तथा इंटरनेट से युक्त हैं। कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से भी विद्यार्थियों को शिक्षित किया जाता है। महाविद्यालय के लगभग सभी प्राध्यापक शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए आईसीटी का प्रयोग करते हैं। FLIPPED कक्षाओं का भी शुभारंभ किया गया है जिसमें प्राध्यापक अपने–अपने विषय पर व्याख्यान रिकार्ड कर कॉलेज के यू–ट्यूब चैनल पर डालते हैं जिससे विद्यार्थी कक्षा में आने से पूर्व विषय की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। इसी प्रकार लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) उपयोग में लाते हैं।

महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की तुलना में सदैव घनात्मक रहते हैं। इसके लिए प्रत्येक स्तर में गृह परीक्षाओं का प्रावधान है। जिससे विद्यार्थी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करते हैं।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व व विकास के लिए अनेक फोरम, क्लब व विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। एन.सी.सी., एन.एस.एस., महिला प्रकोष्ठ, पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण क्लब, कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ, योग क्लब, सामाजिक विज्ञान मंच, इंटेक क्लब, हिन्दी साहित्य परिषद्, स्वच्छता सेनानी, युवा रेडक्रॉस, स्ट्रीट आर्ट मोरॉल क्लब, संगीत, विज्ञान, रेड रिबन क्लब, अंग्रेजी, गणित, खेल, कम्प्यूटर, अर्थशास्त्र, वाणिज्य और प्रबंध आदि विषयों से संबंधित फोरम और क्लब के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर विशिष्ट विद्वानों की वार्ताएं, प्रश्नोतरी, भाषण व ज्ञान उपयोगी कार्यक्रम करवाते रहते हैं। इनसे संबंधित विद्यार्थी अन्य विश्वविद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर विशिष्ट स्थान प्राप्त करते हैं। कोरोना काल में भी आभासी वार्ताएं आयोजित की गई। भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्रवक्ताओं ने योग के लिए शपथ ग्रहण की और प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक किया जाता है। महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, संविधान दिवस, वन महोत्सव, मातृभाषा दिवस, विश्व स्वास्थ्य दिवस, युवा दिवस, महिला दिवस, जल संरक्षण दिवस, पृथ्वी दिवस, विज्ञान दिवस, मतदाता दिवस, महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, सरोजनी नायडू, महर्षि दयानंद, सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, महाराजा अग्रसेन, रविन्द्र नाथ टैगोर, सरदार वल्लभभाई पटेल एवं कबीर आदि अनेक महापुरूषों की जयंतियां भी मनाई जाती हैं ताकि विद्यार्थी अपनी श्रेष्ठ प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति तथा राष्ट्रीय गौरव के महत्व को समझते हुए उस पर गौरवान्वित हो सकें। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गणतंत्र दिवस पर कविता पाठ, निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन, पोस्टर इत्यादि प्रतियोगिताएं एवं रैलियां आयोजित की गई और गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को पुरस्कार भी वितरित किये गये। महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी श्री जयभगवान शर्मा जी की पुण्य स्मृति में महाविद्यालय प्रांगण में ही शहीद स्मारक बनाया गया है। दिनांक 2.5.1995 को उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले का मुकाबला करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उनके बलिदान दिवस को प्रतिवर्ष स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा रैली आदि के माध्यम से पर्यावरण, स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, साक्षरता, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा आदि ज्वलंत सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्य किया जा रहा है ताकि समाज को कुरीति मुक्त तथा समरसता युक्त बनाया जा सके। इस वर्ष अग्रवाल महाविद्यालय ने 'आऊटरीच प्रोग्राम' के अंतर्गत सितंबर माह 2021 में 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया और गोद लिए 'चंदावली गांव' में अनेकानेक गतिविधियां आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त स्वच्छता, साक्षरता, चिकित्सा, पर्यावरण, ऊर्जा, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के साथ–साथ रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए गए। महाविद्यालय की छात्राओं को विशेष रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन नए कोर्स सिलाई, ब्यूटीशियन और कम्प्यूटर कोर्स (टैली कोर्स) शुरू किए गए हैं, जिसमे निर्धन छात्राओं को बिल्कुल सस्ते दामों पर सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की सुविधा भी दी गई है।

महाविद्यालय की पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को 'हरित दिवस' के रूप में मनाया जाता है। सबसे अधिक दिन साइकिल पर आने वाले विद्यार्थियों को 'पर्यावरण मैत्री पुरस्कार' और 2100 रुपये की नकद राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 'वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट' लगाया गया है जो उपचारित जल हर्बल गार्डन सिंचाई के काम आता है। महाविद्यालय में दो 'वर्मी कम्पोस्ट यूनिट' हैं जिनके द्वारा पत्तों और गीले कचरे से खाद बनती है जो पेड़–पौधों में डाली जाती है।

